## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 05.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **यातायात पुलिस द्वारा सक्रियता व त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए छात्रा का खोया हुआ बैग कुछ ही घण्टों में बरामद कर किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये गए ई-रिक्शा सत्यापन अभियान के सकारात्मक परिणाम निरंतर सामने आ रहे हैं । इसी क्रम में आज दिनांक 05.07.2025 को एक और सराहनीय कार्य/उदाहरण देखने को मिला जब एक छात्रा का खोया हुआ बैग यातायात पुलिस द्वारा कुछ ही घंटों में तलाश कर उसे वापस सुरक्षित सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 05.07.2025 को दोपहर इकलव्य महाविद्यालय में अध्ययनरत एलएलबी की छात्रा हर्षिका पुत्री रामप्रकाश पटेल ने निरीक्षक यातायात को सूचना दी कि दिनांक 04.07.2025 को ई-रिक्शा से मेडिकल कॉलेज बांदा से स्वराज कालोनी गई और भूल से उसका बैग ई-रिक्शा पर ही छूट गया काफी खोजबीन करने बाद भी नहीं मिला, बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेज, प्रमाण पत्र आदि थे तथा ई-रिक्शे का नम्बर 27 नम्बर का स्टीकर लगा था । सूचना पर तत्काल निरीक्षक यातायात द्वारा सत्यापन रजिस्टर से मिलान कर सम्बन्धित ई-रिक्शा चालक से सम्पर्क कर बैग बरामद कर लिया गया तथा सुरक्षित रुप से छात्रा को सुपुर्द किया गया । छात्रा द्वारा ई-रिक्शा सत्यापन के नम्बर/कोडिंग प्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस टीम की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यशैली के लिए हृदय से धन्यवाद दिया ।